वर्ष- 02 अंक- 245

छपरा

22 जुलाई मंगलवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com | E-Paper | website : www.dainikkhojkhabar.live


## ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में हंगामा:

# पीएम मोदी बोले- ऑपरेशन सिंदूर कामयाब रहा 22 मिनट में आतंकी ठिकानों को जमींदोज किया

### दुनिया ने भारत का सैन्य सामर्थ्य देखा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को क्क्रूनरेंद्र मोदी ने संसद परिसर में मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर कामयाब रहा। हमने 22 मिनट में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों को जमींदोज किया, दुनिया ने भारत का सैन्य सामर्थ्य देखा। पीएम ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह 100प्रतिशत अचीव किया। हमने सिद्ध करके दिखा दिया। इसमें मेड इन इंडिया सैन्यशक्ति का नया स्वरूप दिखा है।

पीएम के स्पीच की 5 बड़ी बातें; कहा- भारत तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने जा रहा

**आतंकी ठिकाने 22 मिनट में जमींदोज:** ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह 100% अचीव किया। आतंकी आकाओं के घर जाकर 22 मिनट में ऑपरेशन सिंदूर के तहत जमींदोज किया गया। हमने सिद्ध करके दिखा दिया। इसमें मेड इन इंडिया सैन्यशक्ति का नया स्वरूप दिखा है। विश्व के जिन-जिन लोगों से मिलना होता है, उनमें मेड इन इंडिया के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। संसद एक सुर में विजय के भाव से प्रकट करेगी तो देशवासियों को प्रेरणा मिलेगी। साथ ही जो रिसर्च, इनोवेशन हो रही है, जो डिफेंस इक्विपमेंट बन रहे हैं, उन्हें मजबूती मिलेगी।

**नक्सलवाद-माओवाद-** देश कई प्रकार की हिंसक वारदातों का शिकार रहा है। चाहे आतंकवाद हो, नक्सलवाद हो। कोई शुरुआत में हुआ, कोई बाद में, आज नक्सलवाद-माओवाद का दायरा तेजी से सिकुड़ रहा है। इसे जड़ से उखाड़ने के संकल्प के साथ एक नए आत्मविश्वास, तेज गति से सफलता की ओर कदम रख रहे हैं। मैं गर्व से कह सकता हूं, देश में सैकड़ों जिले आज मुक्ति की सांस ले रहे हैं। हमें गर्व है कि बम, बंदूक और पिस्तौल के सामने देश का संविधान विजयी हो रहा है। देश का उज्ज्वल भविष्य में दिख रहा है कि जो कल तक रेड कॉरिडोर थे, आज ग्रीन कॉरिडोर में बदल रहे हैं।

**एस्ट्रोनॉट शुभांशु को बधाई-** एस्ट्रोनॉट शुभांशु को बधाई, उन्होंने पहली बार इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) में तिरंगा लहराया। ISS पर भारत का तिरंगा लहराना देशवासियों के लिए गौरव का पल है।

**तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था-** 2014 के पहले वैश्विक अर्थव्यवस्था में हम 10वें नंबर पर थे, आज तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने पर दस्तक दे रहे हैं। इन दिनों 25 करोड़ गरीबों का गरीबी से बाहर निकलने की सराहना हो रही है। एक जमाना था, जब महंगाई दर डबल डिजिट में होती थी, आज 2त्न के पास है, इससे सामान्य आदमी की जीवन में राहत है। लो इन्फ्लेशन के साथ हाई ग्रोथ अच्छी विकास यात्रा की दिशा है।

**मानसून सत्र गौरव का प्रतीक-** ये मानसून सूत्र देश के लिए गौरव का रूप है। विजयोत्सव का रूप है। मैं जब कहता हूं कि सत्र राष्ट्रगौरव और विजयोत्सव का रूप है तो स्पेस स्टेशन पर तिरंगा फहराना गौरव का पल है। साइंस टेक्नोलॉजी के लिए नया उत्साह भरने वाली ये यात्रा रही है। लोकसभा-राज्यसभा दोनों सदन एक स्वर से जुड़ेंगी।

### संसद का मानसून सत्र 32 दिन चलेगा

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक 32 दिन चलेगा। कुल 32 दिन में 18 बैठकें, 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण 13-14 अगस्त को संसद की कार्यवाही नहीं होगी। केंद्र सरकार मानसून सत्र में 8 नए बिल पेश करेगी, जबकि 7 लंबित बिलों पर चर्चा होगी। इनमें मणिपुर GST संशोधन बिल 2025, इनकम टैक्स बिल, नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल जैसे विधेयक शामिल हैं। पहले दिन नए इनकम टैक्स बिल पर बनी संसदीय कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश होगी। कमेटी ने 285 सुझाव दिए हैं। 622 पन्नों वाला बिल 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को रिप्लेस करेगा।

## राज्यसभा में खड़गे बोले-पहलगाम आतंकी नहीं पकड़े गए, सरकार जवाब दे; नड्डा ने कहा- हम चर्चा को तैयार



**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद मानसून सत्र के पहले दिन ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा जारी है। विपक्ष ने दोनों सदनों में पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। लोकसभा 4 बजे तक स्थगित है। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में इंटेलिजेंस फेलियर हुआ। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी जवाब देना चाहिए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- देश में ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि सरकार पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं करना चाहती। हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के सभी प्वाइंट्स को देश के सामने रखा जाएगा। इससे पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर पर प्रश्नकाल के बाद चर्चा करेंगे। सरकार हर सवाल का जवाब देगी। ये तरीका उचित नहीं है। पहले ही दिन ये आचरण सही नहीं। हमें मिथक तोड़ना चाहिए। मानसून सत्र से पहले I.N.D.I.A. गठबंधन ने बैठक की थी। इसमें ऑपरेशन सिंदूर, भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम, डोनाल्ड ट्रम्प के सीजफायर पर दावे और बिहार वोटर लिस्ट जैसे मुद्दों पर सदन में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई। विपक्ष इन सभी मुद्दों पर पीएम से जवाब चाहता।

## चुनाव से पहले अन्नाद्रमुक को झटका

### पूर्व सांसद अनवर राजा ने द्रमुक में शामिल; भाजपा से थे नाराज



**चेन्नई,एजेंसी।** तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। इसके लिए राज्यभर की सियासत में हलचल बढ़ गई है। राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। इसी बीच एआईएडीएमके को एक बड़ा झटका लगा है। कारण है कि चुनावी तैयारियों के बीच पार्टी के संगठन सचिव और पूर्व सांसद अनवर राजा ने सोमवार को डीएमके का दामन थाम लिया। वह लंबे समय से विपक्षी पार्टी एआईएडीएमके में अल्पसंख्यक समुदाय का चेहरा रहे हैं, खासकर रामनाथपुरम जिले में। उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की मौजूदगी में डीएमके की सदस्यता ली।

## अमरनाथ यात्रा-16 दिन में 3 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए



**पहलगाम,एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा के 16वें दिन 16,886 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। इन 16 दिनों 3 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा- सालाना अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों की संख्या रविवार को तीन लाख के आंकड़े को पार कर गई। यह पवित्र यात्रा एक अत्यंत समृद्ध अनुभव है। यात्रा के पहले दिन गुरुवार को 12,348 , शुक्रवार को 14,515, शनिवार को 21,109, रविवार को 21,512 तीर्थयात्री, सोमवार को 23,857 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे थे।

## इंडिगो फ्लाइट 40 मिनट तक हवा में चक्कर लगाती रही

### तकनीकी खराबी के कारण लौटी

**तिरुपति,एजेंसी।** इंडिगो की एक फ्लाइट में रविवार को तकनीकी खराबी आ गई, जिस कारण विमान करीब 40 मिनट तक हवा में ही चक्कर लगाता रहा। इसके बाद वापस तिरुपति आ गया।

एयर ट्रैफिक ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रडार 24 के अनुसार, एयरबस-321ठ्ठश्व विमान तिरुपति एयरपोर्ट से शाम 7:42 बजे रवाना हुआ और लगभग 8:34 बजे वापस लौट आया। तिरुपति से हैदराबाद के लिए यह दिन की आखिरी शेड्यूल्ड फ्लाइट थी, जिसे रद्द कर दिया गया। इंडिगो की ओर से मामले पर अब तक कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है।

सोशल मीडिया में फ्लाइट से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें एक पैसेंजर्स एयरलाइन स्टाफ से रीशेड्यूलिंग की मांग कर रहे हैं। इंडिगो की वेबसाइट के अनुसार, फ्लाइट तिरुपति से शाम 7:20 बजे रवाना होती है और रात 8:30 बजे हैदराबाद पहुंचती है।

भारतीय नौसेना को मिली नई ताकत

## जीआरएसई ने लॉन्च किया पनडुब्बी रोधी युद्धक जहाज अजय



**कोलकाता,एजेंसी।** समुद्र में दुश्मनों के छक्के छुड़ाने के लिए भारतीय नौसेना लगातार अपनी ताकतों में और इजाफा कर रही है। इसी बीच रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने सोमवार को भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे आठ एंटी-सबमरीन वॉरफेयर (एएसडब्लयू) शैलो वॉटर क्राफ्ट्स में से आखिरी जहाज अजय को लॉन्च किया। यह जहाज कोलकाता में नौसेना के चीफ ऑफ मटेरियल वाइस एडमिरल किरण देशमुख की पत्नी प्रिया देशमुख ने लॉन्च किया।

बता दें कि जहाज अजय के लॉन्च के साथ ही इस परियोजना के सभी आठ शिप्स का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर वाइस एडमिरल देशमुख मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।

**समुद्री ऑपरेशनों के लिए बहुउपयोगी जहाज :**जहाज के लॉन्चिंग पर जीआरएसई के एक अधिकारी ने बताया कि इन आठ जहाजों को खासतौर पर तटीय इलाकों में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। ये जहाज छोटे पानी के इलाकों (शैलो वॉटर) में भी आसानी से ऑपरेशन कर सकते हैं। इनकी लंबाई 77.6 मीटर और चौड़ाई 10.5 मीटर है। ये पोत तटीय इलाकों में पनडुब्बियों की निगरानी करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

**निगरानी ही नहीं दुश्मन जहाज पर हमला करने में भी सक्षम :**अधिकारी ने बताया कि इन जहाजों में हल्के टॉरपीडो, एएसडब्ल्यू (एएसडब्लयू) रॉकेट और माइन्स जैसे घातक हथियार लगे हैं। इसके अलावा ये विमान के साथ मिलकर समन्वित एंटी-सबमरीन ऑपरेशन भी कर सकते हैं। ये जहाज सिर्फ निगरानी नहीं, बल्कि सतह पर मौजूद दुश्मन के जहाजों पर हमला करने की भी क्षमता रखते हैं। साथ ही ये कम तीव्रता वाले समुद्री ऑपरेशनों और माइंस बिछाने के कार्यों में भी उपयोगी हैं।

**स्वदेशी निर्माण का बड़ा उदाहरण :**गौरतलब है कि जीआरएसई की तरफ से पूरी तरह भारत में डिजाइन और तैयार किए गए इन युद्धपोतों की यह श्रृंखला भारतीय नौसेना की ताकत को तटीय क्षेत्रों में काफी बढ़ा देगी।

2006 मुंबई ट्रेन सीरियल ब्लास्ट केस- सभी 12 आरोपी बरी

# हाईकोर्ट बोला- सरकारी वकील दोष साबित करने में नाकाम; घटना में 189 लोग मारे गए थे





**मुंबई,एजेंसी।** मुंबई में 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में हाईकोर्ट ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रॉसिक्यूशन यानी सरकारी वकील आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है। अगर वे किसी दूसरे मामले में वान्टेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। 11 जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सब-अर्बन ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 पैसेंजर की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। सभी धमाके फर्स्ट क्लास कोचों में हुए थे। घटना के 19 साल बाद यह फैसला आया है।

**7 लोकल के फर्स्ट क्लास डिब्बों में प्रेशर कुकर से हुए थे ब्लास्ट :**मुंबई में 11 जुलाई 2006 को शाम 6 बजकर 24 मिनट से लेकर 6 बजकर 35 मिनट के बीच एक के बाद एक सात ब्लास्ट हुए थे। ये सभी ब्लास्ट मुंबई के पश्चिम रेलवे पर लोकल ट्रेनों के फर्स्ट क्लास कम्पार्टमेंट में करवाए गए थे। खार, बांद्रा, जोगेश्वरी, माहिम, बोरीवली, माटुंगा और मीरा-भायंदर रेलवे स्टेशनों के पास ये ब्लास्ट हुए थे। ट्रेनों में लगाए गए बम आरडीएक्स, अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल ऑयल और कीलों से बनाए गए थे, जिसे सात प्रेशर कुकर में रखकर टाइमर के जरिए उड़ाया गया था।

### लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी आजम चीमा धमाकों का जिम्मेदार

पुलिस ने चार्जशीट में बताया था कि मार्च 2006 में लश्कर-ए-तैयबा के आजम चीमा ने अपने बहावलपुर स्थित घर में सिमी और लश्कर के दो गुटों के मुखियाओं के साथ इन धमाकों की साजिश रची थी। पुलिस ने कहा था कि मई 2006 में बहावलपुर के ट्रेनिंग कैंप में 50 युवकों को भेजा गया। उन्हें बम बनाने और बंदूकें चलाने का प्रशिक्षण दिया गया।

## सरकार बोली- विदेशी मीडिया मनगढ़ंत बातें कर रहा; एएआईबी निष्पक्ष, नियमों के तहत ही जांच हो रही

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (AAIB) की रिपोर्ट में पक्षपात किए जाने के आरोपों पर सरकार ने जवाब दिया है। संसद में नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (AAIB) एक विस्तृत, नियम-आधारित प्रक्रिया का पालन करता है और पूरी तरह से निष्पक्ष है। नियमों के तहत जांच हो रही है। उन्होंने कहा कि एएआईबी की रिपोर्ट को लेकर विदेशी मीडिया मनगढ़ंत बातें कर रहा है।

राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने एयर इंडिया दुर्घटना को लेकर सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि हम सच्चाई के साथ खड़े होना चाहते हैं, किसी और चीज के साथ नहीं। हम यह जानना चाहते हैं कि एयर इंडिया विमान दुर्घटना में वास्तव में क्या हुआ था और यह एएआईबी की अंतिम जांच रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा।

राज्यसभा में विपक्ष ने एयर इंडिया हादसे को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस बीच नायडू ने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) पारदर्शी तरीके से जांच कर रहा है। मैंने कई रिपोर्ट देखी हैं, इसमें विदेशी मीडिया ने अपने दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि एएआईबी दुर्घटनाग्रस्त एयर इंडिया विमान के ब्लैक बॉक्स से डेटा को डिकोड करने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि



विमान दुर्घटना के कारणों पर अभी कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी, क्योंकि जांच अभी जारी है और अंतिम रिपोर्ट मूल कारणों के साथ सामने आएगी। साथ ही उन्होंने सभी से समय से पहले कोई भी अफवाह फैलाने से बचने का आग्रह किया।

### एएआईबी की पहली रिपोर्ट में क्या है?

12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे की जांच कर रही एएआईबी ने अपने प्रारंभिक रिपोर्ट में बताया कि हादसे वाले बोइंग ड्रीमलाइनर विमान के दोनों इंजन टेकऑफ के कुछ ही सेकंड बाद बंद हो गए क्योंकि ईंधन की आपूर्ति रुक गई थी। एयर इंडिया विमान के ब्लैक बॉक्स की जांच में पता चला कि उड़ान के अंतिम क्षणों में, कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से पता चला कि एक पायलट को दूसरे से यह पूछा कि उसने ईंधन स्विच को बंद क्यों किया? इस पर दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि उसने ऐसा नहीं किया।

# गुजरात के साणंद में चल रही थी हाई-प्रोफाइल शराब पार्टी, तभी पहुंची पुलिस

### 26 महिलाओं समेत 39 अरेस्ट





**अहमदाबाद,एजेंसी।** अहमदाबाद जिले के साणंद स्थित ग्लेड गोल्फ रिजॉर्ट में रविार देर रात एक हाई-प्रोफाइल शराब पार्टी पर पुलिस ने छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 13 युवक और 26 युवतियों को नशे की हालत में पकड़ा। देर रात ही सभी को मेडिकल के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया।

इसके बाद सुबह करीब 3 बजे सभी को साणंद थाने लाया गया। साणंद पुलिस ने पूरे मामले में केस दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में पता चला है कि यह हाई-प्रोफाइल शराब पार्टी शहर के नामी बिल्डर प्रतीक सांघी के बर्थडे पार्टी के मौके पर रखी गई थी।

50 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था साणंद पुलिस ने बताया कि हमें रविवार रात को रेड रिसॉर्ट में हो रही एक शराब पार्टी के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने जब रिसॉर्ट में छापा मारा तो वहां करीब 100 लोग मौजूद थे। इनमें से करीब 50 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था। रात में ही मेडिकल टेस्ट कराया गया तो इनमें से 13 युवक और 26 युवतियां नशे में पाए गए। नशे में पकड़े गए ये सभी लोग बिल्डर प्रतीक सांघी की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे। पुलिस का अभियान देर रात तक जारी रहा साणंद के डीएसपी नीलम गोस्वामी ने बताया कि देर रात को ही सभी लोगों को 4 पुलिस बसों और एक कार में मेडिकल परीक्षण के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया था। बड़ी संख्या में नशे में धुत लोगों के पकड़े जाने के चलते पुलिस का अभियान देर रात से सुबह तक जारी रहा। सूचना मिलते ही कई युवक-युवितयों के परिवार वाले भी थाने पहुंच गए थे। 5 सीलबंद शराब की बोतलें भी जब्त डीएसपी नीलम गोस्वामी ने आगे बताया कि छापेमारी में साणंद थाना पुलिस, असलाली, चांगोदर, बोपल पुलिस की टीमें शामिल थीं। पार्टी वाली जगह से 5 सीलबंद शराब की बोतलें भी जब्त की गई हैं। मेडिकल टेस्ट के बाद आरोपियों के खिलाफ निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज आगे की कार्रवाई की जा रही हैप्रतीक सांघी एक रियल एस्टेट और फ्रोजन फूड कंपनी भी चलाते हैं डीएसपी नीलम गोस्वामी ने आगे कहा कि यह शराब पार्टी रियल एस्टेट से जुड़े कारोबारी प्रतीक सांघी ने ही रखी थी। उन्होंने ही अपने दोस्तों को इसके लिए इनवाइट किया था। पार्टी में प्रतीक सांघी की पत्नी भी नशे में धुत में पाई गईं हैं। प्रतीक सांघी रियल एस्टेट के कारोबार में हैं।वह हिंदुस्तान एग्रो एंड ट्यूबर फूड नामक कंपनी में भी पार्टनर हैं। हिंदुस्तान एग्रो कंपनी में उनकी बराबर की हिस्सेदारी है। इसके अलावा प्रतीक सांघी ट्यूबर फ्रोजन फूड कंपनी में भी पार्टनर हैं। ट्यूबर फूड नाम कंपनी अहमदाबाद के कलोल में स्थित है। यह कंपनी फ्रोजन फूड बनाती है।

## एकदिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया



**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** परसा थाना क्षेत्र के बाजीतपुर हाइस्कूल के क्रीड़ा मैदान में एकदिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया । फुटबॉल मैच का विधिवत उद्घाटन आईटी मिनिस्टर कृष्ण कुमार उर्फ मंटू सिंह ने किया । मैच वैशाली और सारण के बीच खेला गया जो रोमांचक मुकाबले में सारण की टीम ने वैशाली टीम को पराजित कर कप पर कब्जा जमाया । फुटबॉल मैच का लुफ्त उठाने के लिए दर्शको की अच्छी खासी भीड़ जमा थी । उद्घाटन के मौके पर बनौता पंचायत के मुखिया संजीव सिंह पूर्व मुखिया धर्मेंद्र सिंह उर्फ खेदू सिंह , छोटन सिंह, रितेश सिंह ,सिकंदर सिंह तूफान सिंह, एवम अन्य समाजसेवी एवम जनप्रतिनिधि मौजूद थे । सभी खिलाड़ियों को सूचना एवम प्रौद्योगिकी मंत्री ने अपने कर कमलों से विजयी टीम को ट्रॉफी सौंपते हुए शुभकामनाएं दी वही पराजित टीम को हौशला अफजाई किया । मालूम हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल मैच बिलुप्त अवस्था में है उसे जोरशोर से प्रोत्साहित करने की जरूरत है । युवाओ में फुटबॉल खेलने और देखने की दीवानगी में कमी हो रही है ।सारण की टीम से बेस्ट गोलकीपर सन्नी राज ,रितेश ,राजकुमार, अर्जुन कुमार को बढ़िया प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया । सारण की टीम ने तीन गोल से एकतरफा जीत कर कप पर कब्जा जमाया।

## चौसिया में एक घर से लाखों रूपये व सोने चांदी समान की चोरी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के भरपुरा के चौसिया गांव में रविवार की रात चोरों ने न सिर्फ नकदी और गहनों से घर साफ कर दिया, बल्कि घर में मौजूद दिव्यांग पिता और नाबालिग बहन को बाहर से दरवाजा बंद कर समान लेकर फरार हो

पीड़ित सुधीर कुमार ने सोमवार को थाना में लिखित आवेदन देने के पश्चात उसने बताया कि वे 20 जुलाई की शाम अपने मां के साथ मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीबनाथ मंदिर दर्शन के लिए गए थे। घर में उनके दिव्यांग पिता और छोटी बहन रह गए थे। बहन की नींद खुली तो उसने देखा कि घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त है, बक्सा और अटैची टूटे पड़े हैं, और दरवाजा बाहर से बंद कर दिया गया है। खिड़की से घुसे चोर, अलमारी और बक्सों से 1.80 लाख रुपये नकद और करीब 3 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने समेटकर फरार हो गए। इस घटना के बाद परिवार सदमे में है और ग्रामीणों ने इलाके में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## सोनपुर में बीपीएससी पास कर पति पत्नी दोनो बने प्रधान शिक्षक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखण्ड के नयागाँव थाना क्षेत्र के कई नियोजित शिक्षक , प्रधान शिक्षक के रूप में सोमवार को विद्यालय में योगदान किए । डुमरी बुजूर्ग पंचायत के अमरनाथ कुमार, नेहा कुमारी दोनो पति पत्नी बीपीएससी पास कर एक साथ प्रधान शिक्षक बने है। नेहा कुमारी ने हासिलपुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय लहलादचक में प्रभारी प्रधानाध्यापक रविरंजन के द्वारा योगदान किए और नेहा के पति अमरनाथ ने सोनपुर मे ही शाहपुर पहलेजा में प्रधान शिक्षक के रूप में योगदान किए। सोमवार को सोनपुर में लगभग पच्चास नियोजित शिक्षक प्रधान बन गए, जिसमें राजापुर सें मनोहर कुमार, भुपेन्द्र कुमार, पिंकी कुमारी, रेखा राय, गोपालपुर से मृदुल चन्द्र, शशि रंजन सिंह, कुन्दन कुमार, रंधिर कुमार, सुजीत कुमार, ने योगदान किया, ।

## हरिहरनाथ मंदिर में बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने परिवार के साथ की पूजा अर्चना



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर(सारण)।** सावन माह के पावन महीना मे बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी अपने माता पिता पत्नी और नागरिक परिषद प्रदेश महासचिव छोटू सिंह ने अपने परिवार के साथ सोनपुर पहुँच कर बाबा हरिहरनाथ मंदिर मे सोमवार को रुद्राभिषेक किया। मंदिर मे उनके साथ आये बनारस के बाबा लोगो ने मन्त्रोंउच्चारण के पूजा अर्चना कराया। मंत्री ने पूजा कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जब बनारस से आये हुए बाबा ने भजन गाना शरू किया तो मंत्री अशोक चौधरी,जदूयू नेता छोटू सिंह और भाजपा नेता राकेश सिंह ने भी झाल बजाकर कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाया और लोग झूम उठे और भजन गाने लगे. इस अवसर पर भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, मंदिर सचिव विजय लाला ने मंत्री अशोक चौधरी और जदूयू नेता छोटू सिंह को अंग वस्त्र और मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया और उनके साथ आये हुए बनारस के बाबा को भी अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मंत्री ने भी मंदिर के व्यवस्था से खुश होकर मंदिर कमिटी को इसके लिए धन्यवाद दिया।

# प्रशांत किशोर बोले- अबकी बार अपने बच्चों के भविष्य के लिए करें वोट, एक साल में बिहार से पलायन रोकेंगे




**दैनिक खोज खबर/एकमा/छपरा।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर अपनी 'बिहार बदलाव यात्रा' के तहत सोमवार को सारण जिले के एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में पहुंचे। यहां आयोजित जन सभा की अध्यक्षता जन सुराज के जिला अध्यक्ष बच्चा राय व मंच संचालन अशरफ रजा खां ने की। गाजे-बाजे के साथ प्रशांत किशोर का स्वागत जनसुराज के एकमा विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी विकास कुमार सिंह ने की। इस दौरान फूल माला से स्वागत व प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।इस अवसर पर जन सुराज के प्रदेश उपाध्यक्ष वाईबी गिरि, जन सुराज नेता व पूर्व आईपीएस डॉ जयप्रकाश सिंह, देवकुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख पति बच्चा सिंह, मुन्ना भवानी, उदय शंकर सिंह, संतोष कुमार सिंह, एकमा प्रखंड अध्यक्ष राजेश गिरि, बेबी देवी सजल आदि अन्य लोग मौजूद थे।यहां आयोजित जनसभा में प्रशांत किशोर ने बिहार की राजनीति व विकास पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि लोग जाति और धर्म के नाम पर वोट करने के बजाय अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट करें। इससे एकमा व सारण सहित पूरे बिहार की बदहाली दूर होगी। एक साल में बिहार के युवाओं का पलायन हम रोक देंगे। सिर्फ 15 मिनट तक मेरे बातों को सुनकर अपना जवाब दीजिए। उन्होंने उपस्थित जन समूह से आगामी विधानसभा चुनाव में अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट करने का हाथ उठवाकर संकल्प भी दिलवाया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सीएम नीतीश कुमार व राजद प्रमुख लालू प्रसाद पर निशाना साधा। कहा कि बिहार के नेता अपने बेटे को राजा बनाना चाहते हैं और दूसरी तरफ आपके बच्चे, जो मैट्रिक, बी.ए., एम.ए. तक पढ़ चुके हैं, उन्हें नौकरी के लिए गुजरात व महाराष्ट्र की फैक्ट्रियों में मजदूरी करनी पड़ रही है। अब आपको तय करना है कि आप अपने बच्चों के लिए वोट देंगे या नेताओं के बच्चों के लिए।

प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि बिहार के लोगों ने कभी मंदिर के लिए वोट दिया, कभी जाति के नाम पर वोट दिया, लेकिन अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आज मोदी जी बिहार के वोट और देशभर का पैसा लेकर गुजरात में फैक्ट्रियां लगवा रहे हैं, वहीं बिहार के बच्चे उन्हीं फैक्ट्रियों में मजदूरी करने जाते हैं।सभा में प्रशांत किशोर ने सारण की जनता से बड़ा वादा किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी, तो बिहार में ही 10-12 हजार रुपये मासिक की आय वाला रोजगार युवाओं को दिया जाएगा। अब बच्चों को मजदूरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।इसके अलावा उन्होंने यह भी घोषणा की कि दिसंबर 2025 से 60 साल से अधिक उम्र के प्रत्येक पुरुष और महिला को 2000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी।

प्रशांत किशोर ने कहा कि जब तक सरकारी स्कूलों में सुधार नहीं हो जाता, तब तक 15 साल से कम उम्र के बच्चों की निजी स्कूल की फीस सरकार द्वारा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि गरीब का बच्चा भी अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ सके। सभा के अंत में उन्होंने कहा कि यह छठ और दिवाली बिहार की बदहाली की आखिरी छठ और दिवाली होगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद बिहार में बदलाव आएगा, और आपके बच्चों को बेहतर रोजगार और शिक्षा यहीं पर मिलेगी।

## दूसरी सोमवारी के गंगा और नारायणी में डुबकी लगाकर शिव भक्तों ने किया भोलेनाथ को जलाभिषेक



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सावन माह की द्वितीय सोमवारी पर हरिहर क्षेत्र के पावन भूमि पर अवस्थित बिहार के प्रसिद्ध मंदिर बाबा हरिहरनाथ, व गौड़ी शंकर मंदिर भरपुरा, गंगाजल गजेंद्रनाथ, जड़भरत मंदिर सहित नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के हर शिवालयों में जलाभिषेक के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। रविवार के मध्य रात्रि से लेकर 11 बजे तक पहलेजा घाट दक्षिण वाहिनी गंगा नदी व सोनपुर के नारायणी नदी सहित अन्य नदियों में स्नान करने के बाद स्नार्थियों ने हर-हर महादेव, बोलबम के नारे लगते हुए बाबा हरिहरनाथ सहित अन्य शिवालयों में बाबा भोलेनाथ के ऊपर गंगाजल अभिषेक कर उन्हें भांग,धतूरा, बेलपत्र अन्य ऋतु फल, दही, मधु, दूध चढ़ारकर अन्य देवी देवताओं को भी पूजा अर्चना करने के उपरांत घर में सुख शांति समृद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना किया। शिव की भक्ति में पूरी तरह से शिव भक्त भक्ति में डूबे रहे। बाबा हरिहरनाथ के जलाभिषेक, दर्शन-पूजन के लिए आधी रात से ही जो कतार लगी जो दोपहर बाद तक अनवरत जारी रही। बाबा हरिहरनाथ के गर्भगृह से नारायणी के तट तक बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। सभी शिव भक्त कतर वध होकर के आरधा के द्वारा जलभिषेक किया। जलाभिषेक के लिए आसपास के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में भक्त यहां पहुंचे। पुरुष एव महिला शिव भक्त गेरुआ रंग के कपड़े पहन कर शिव भक्ति में लीन रहे।वही संध्याकालीन बाबा हरिहरनाथ सहित अन्य शिवालयों में रंग बिरंगे लाईट से सजावट किया गया। मंदिर परिसर में शिव भक्ति के गीत से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर के गर्भ गृह में भगवान भोलेनाथ को बेली चमेली, गेंदा, गुलाब सहित अन्य प्रकार के फूलो से बड़ा ही आकर्षक ढंग से भव्य सजावट की गयी। मंदिर की सजावट कर शिव भक्तो ने महादेव को भजन कीर्तिन कर महाआरती किया फिर प्रसाद का वितरण भक्तो के बीच किया गया। वही दूसरी ओर श्रावणी मास में जहां एक ओर मठ मंदिरों को आकर्षक ढंग से मंदिरो को सजाया गया था, वहीं विभिन्न घरों में मिट्टी का शिवलिंग बनाकर पार्थी पूजन किया गया। घर की महिलाएं सुबह से ही नित्य क्रिया क्रम से निवृत होकर पूजन की तैयारी में जुट गई। घर की नयी नवेली दुल्हन मिट्टी का शिवलिंग बनाकर पूजा अर्चना कर भगवान भोले नाथ से परिवार में सुख शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं कई घरों में रुद्राभिषेक पूजन आयोजन से पुरे दिन घरों में उत्साह का माहौल रहा। हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति एवं स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा की व्यापक इंतजाम की हुई थी। मंदिर एवं उसके आस पास सीसीटीवी व ड्रोन कैमरे के माध्यम से कंट्रोल रूम में बैठ कर लगातार मॉनिटरिंग की गयी। भीड़ को व्यवस्थित ढंग से बेरीकेटिंग के तहत बारी बारी से शिव भक्तो को बाबा हरिहरनाथ पर अर्धा के तहत जलाभिषेक कराया गया। इसके लिए बजाप्ता बैरिकेटिंग के अलावा महिला एवं पुरुष सुरक्षा बल, स्काउट एंड गाइड के कैडेटों तथा मंदिर न्यास समिति के स्वयंसेवकों को लगाया गया था। जिसके माध्यम से भीड़ को व्यवस्थित एवं अनुशासित रखी गयी। पहलेजा घाट व हरिहरनाथ मंदिर एवं कालीघाट में प्रशासन हर गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए थे। स्थानीय प्रशासन द्वारा जगह जगह सुरक्षा एवं ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू ढंग से चलाने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## एकमा के हंसराजपुर में हार्डवेयर व्यवसायी की हत्या से इलाके में दहशत

**● अज्ञात अपराधियों ने मारी दो गोलियां, डीआईजी व एसएसपी ने लिया घटनास्थल का जायजा**



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत एकमा बाजार के हंसराजपुर में रविवार की देर शाम को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक हंसराजपुर में महावीर हार्डवेयर नमक दुकान के संचालक व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अपराधियों ने उन्हें घर के बाहर नजदीक से दो गोलियां पेट में दाग दीं। वारदात के बाद अपराधी फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल हंसराजपुर निवासी रोशन सिंह (26) को उपचार के लिए नजदीकी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया। शव घर पर पहुंचने पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शव का अंतिम संस्कार सोमवार को परिजनों व ग्रामीणों द्वारा कर दिया गया। घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। एकमा थाना में मृतक के पिता प्रिय रंजन सिंह उर्फ सोनल सिंह के द्वारा अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

सोमवार को सारण रेंज के डीआईजी निलेश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक के परिजनों से बातचीत कर आवश्यक जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक कुछ नशेड़ी साथियों के संपर्क में रहता था और ससुराल पक्ष के लोगों से भी आए दिन लड़ाई झगड़ा करते रहता था। सभी एंगल्स को ध्यान में रखकर पुलिस जांच कर रही है। वहीं पुलिस ने कॉल डिटेल्स के आधार पर कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। डीआईजी ने कहा कि जल्द ही इस वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा। उधर पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल, जनसुराज नेता देवकुमार सिंह, मुन्ना भवानी, लोजपा नेता रौशन भवानी, स्थानीय व्यापारी सत्येंद्र भवानी आदि ने पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी ।सभी ने घटना की निंदा करते हुए क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है और पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## गंगा नदी में पूजन सामग्री विसर्जन करने के दौरान तीन युवक की डूबने से मौत

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** थाना क्षेत्र के चकनूर स्थित पुराना थाना मस्जिद के सामने सोमवार को गंगा नदी के बाढ़ के पानी में पूजन सामग्रियों के विसर्जन के दौरान गहरे पानी में चले जाने से डूबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।इस हृदय विदारक हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया और हर किसी का रोते रोते बुरा हाल था। मृतकों की पहचान दिघवारा थाना क्षेत्र के मीरपुर भुआल निवासी स्व. त्रिपुरारी प्रसाद के 35 वर्षीय पुत्र असीम कुमार,उसका बहनोई व पटना जिले के चौक थाना क्षेत्र के मंगल तालाब निवासी सुरेंद्र कुमार गुप्ता के 35 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार व भांजा व पटना जिले के मालसलामी थाना क्षेत्र के पटना सिटी निवासी आशीष कुमार के 18 वर्षीय पुत्र सूर्यांश कुमार के रूप में हुई है।मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को असीम कुमार के इकलौते पुत्र आर्विक मंजू का जन्मदिन था और इस दौरान घर पर महामृत्युंजय का जाप हुआ था।आयोजन के संपन्न होने के बाद सोमवार को असीम पूजन सामग्रियों को विसर्जित करने अपने परिवार के चार लोगों के साथ चकनूर गांव के सामने गंगा नदी के बाढ़ के पानी में गया था इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर गहरे पानी में जा समाया और डूबने लगा उसे डूबता देख किनारे पर खड़े उसके बहनोई अभिषेक कुमार बचाने गए और दोनों डूबने लगे।बाद में दोनों को बचाने भांजा सूर्यांश गया और सबों की डूबने से मौत हो गई।इसके बाद साथ गए एक अन्य परिजन ने घर पर घटना की सूचना दी।सूचना मिलने पर दिघवारा सीओ मिट्ठू प्रसाद थानाध्यक्ष डॉ रितेश कुमार मिश्रा व नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी रौशन कुमार के अलावे कई वार्ड पार्षद घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को ढूंढने की हरसंभव कोशिश की गई।इसके लिए एसडीआरएफ के जवानों के साथ-साथ गोताखोरों को बुलाया गया और लगभग चार घंटे बाद तीनों शवों को बाढ़ के पानी से निकाला जा सका।शवों को परिजनों के द्वारा सीएचसी दिघवारा लाया गया जहां डॉक्टरों ने सबों को मृत घोषित किया। घटना के बाद दिघवारा पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।सीओ मिट्ठू प्रसाद ने बताया कि मृतकों के परिजनों को आपदा के तहत चार चार लाख का मुआवजा दिया जाएगा।घटना के बाद से परिजनों के क्रंदन से माहौल गमगीन था।

## आमी गंगा नदी में डूबा भेल्दी के तकेया का छात्र, शव की तलाश जारी




**दैनिक खोज खबर/भेल्दी (सारण)।** आईटीआई के छात्र प्रिंस उर्फ गोलू कुमार के आमी घाट पर डूबने की खबर सुनते ही तकेया गांव के अलावे आस-पास के ग्रामीण काफी संख्या में आमी पहुंचें।मालूम हो कि भेल्दी थाने के तकेया गांव के रविन्द्र राय के पुत्र प्रिंस कुमार उर्फ गोलू सावन महीने की दूसरी सोमवारी को गांव के ही साथियों के साथ पूजा करने के लिए आमी गया था।सोमवार की सुबह प्रिंस मां अम्बिका भवानी गंगा नदी के नमामी घाट पर अपने तीन अन्य साथियों के साथ गंगा में जैसे ही डुबकी लगाया कि सभी डूबने लगे।घाट पर मौजूद लोगों ने तीन को बचा लिया मगर प्रिंस कुमार का कोई अता पता नहीं चला।वह तेज धार में बह गया।प्रिंस के डूबने की खबर सुनते ही परिजन व काफी संख्या में ग्रामीण आमी घाट पर पहुंचें और प्रिंस की तलाशी में जुट गए।करीब दो घंटे के बाद एनडीआरएफ की टीम पहुंची और प्रिंस कुमार के शव की तलाशी शुरू कर दिए।बोट के सहारे घंटों शव की तलाशी की गई मगर समाचार प्रेषण तक शव नहीं मिल सका। प्रिंस उर्फ गोलू के डूबने की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।आमी घाट पर पहुंचे प्रिंस के पिता रविन्द्र राय,चाचा सुरेंद्र राय,मदन राय व संजय राय फफक-फफक कर रोने लगे।दादा सरयुग राय बेसूध पड़े हुए हैं।प्रिंस के बड़े भाई पिण्टु व चितरंजन व बहन प्रिति का रो-रोकर बुरा हाल था।मां फुलझरी देवी पुत्र के गम में बार-बार बेहोश हो जा रही थी।वह जब भी होश में आती दहाड़ मारकर रोने लगती।वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था।उसके डूबने की खबर सुनकर गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

**प्रिंस पालिटेकनिक सेकेंड इयर का छात्र था-** प्रिंस कुमार उर्फ गोलू गोपालगंज के ब्रजकिशोर नारायण सिंह गवर्नमेंट पालिटेकनिक कॉलेज का द्वितीय वर्ष का छात्र था।वह काफी होनहार था।उसे क्या पता था कि श्रावण मास का दूसरा सोमवार उसका अंतिम दिन होगा।



## नगरा के छह बेल्ट्रॉन कर्मी हड़ताल पर

**दैनिक खोज खबर/नगरा (सारण)।** प्रखंड मुख्यालय और अंचल कार्यालय में काम करने वाले छह बेल्ट्रॉन कर्मी संघ के दिशा निर्देश पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं.इनमें सुमित कुमार, गुड़िया कुमारी, रुबीना प्रवीण, अमृता कुमारी सहित दो अन्य कर्मी शामिल हैं.हड़ताल की वजह से कुछ कार्य ठप हुई है ,और लोगों को यह आशंका होने लगी कार्यों में रुकावट आ सकती है.हालांकि नगरा सीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि कार्यपालक सहायकों के सहयोग से काम जारी है.उन्होंने कहा कि ÷कार्यालय का कोई काम बंद नहीं हुआ है, सभी जरूरी सेवाएं दी जा रही हैं.बेल्ट्रॉन कर्मियों का कहना है कि वे कई वर्षों से काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला है. साथ ही उन्हें नियमित कर्मियों जैसी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं.उनकी मांग है कि उन्हें सेवा समाप्ति से पहले अपील का अधिकार, वेतन में सुधार,सेवा अवधि के अनुसार ग्रेड, चिकित्सा, आवास, परिवहन और स्थानांतरण सहित अन्य भत्ता मिले.

## नगरा पावर सबस्टेशन में ट्रांसफार्मर बदले जाने को लेकर 22 जुलाई को दिनभर बिजली रहेगी बाधित

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।**प्रखंड क्षेत्र के विद्युत शक्ति केंद्र नगरा में तकनीकी कार्य के कारण मंगलवार 22 जुलाई को दस बजे से लेकर शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी.इस संबंध में जानकारी देते हुए बनियापुर के सहायक विद्युत अभियंता अमरजीत कुमार ने बताया कि नगरा केंद्र में मौजूदा 5 MVA क्षमता वाले पावर ट्रांसफार्मर को हटाकर 10 MVA का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाना है.इस कार्य के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी.उन्होंने बताया कि यह कार्य बिजली आपूर्ति को और बेहतर और स्थायी बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है,उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली से संबंधित सभी जरूरी कार्य दस बजे के पूर्व ही निपटा लें.

## खैरा में एक्टिवा स्कूटी चोरी, लड़की ने थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।**खैरा थाना क्षेत्र के खैरा गांव में दरवाजे से स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है.इस संबंध में खैरा निवासी काजल कुमारी, पिता कृष्णा सिंह ने खैरा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है. वहीं काजल कुमारी ने अपने आवेदन में बताया है कि उन्होंने अपनी एक्टिवा स्कूटी घर के दरवाजे पर खड़ी की थी.रात में जब नींद खुली तो देखा कि स्कूटी गायब थी.परिजनों के साथ काफी खोजबीन की, लेकिन स्कूटी का कुछ पता नहीं चल सका.मामले की पुष्टि करते हुए खैरा प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.जल्द ही चोरी के इस मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा. ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में दोपहिया वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में चिंता का माहौल है.

## बहन के यहां धान की रोपनी करने जा रहे भाई की सड़क दुघर्टना में मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर चमरिया गांव में बहन के यहां धान की रोपनी करने जा रहें भाई की सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। मृतक चमरिया गांव निवासी सूरज भर का 30 वर्षीय पुत्र सुग्रीम भर हैं। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक अविवाहित हैं और साइकिल से खैरा बहन के यहां धान की रोपनी करने जा रहा था कि गांव के बाहर मशरक सहाजितपुर एकमा मुख्य पथ पर चढ़ते ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें उसी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आस पास के ग्रामीणों की सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों में मातम छा गया। मृतक बेहद ही गरीब हैं और खैरा में बहन के यहां मदद में धान की रोपनी करने जा रहा था।

## सावन की दूसरी सोमवारी पर शिवालायों में जलाभिषेक के लिए उमड़ी भीड़

## सोने की चेन स्नेचिंग करती एक महिला गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सावन की दूसरी सोमवारी पर मशरक नगर पंचायत क्षेत्र और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के गांवों के शिवालायों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने लगे थे और कतारबद्ध होकर उन्होंने शिवलिंग का जलाभिषेक किया।थाना परिसर स्थित राम जानकी शिव मंदिर, दुमदुमा शिव मंदिर और डुमरसन बंगरा अवस्थित शिव मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में लोग जलाभिषेक और पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। शिवालयों में शिव भजनों से सोमवार को आसपास का क्षेत्र भक्तिमयी हो उठा। इस अवसर पर कई मंदिरों में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। दुमदुमा शिव मंदिर परिसर जलाभिषेक के दौरान महिला भक्त के गर्दन से सोने का चेन स्नेचिंग करते एक महिला को ग्रामीणों ने थाना पुलिस के हवाले कर दिया। मंदिर के सचिव शम्भू नाथ सिंह ने बताया कि बीते सोमवारी को भी कवलपुरा गांव निवासी दिनेश कुमार सिंह और चांद बरवा गांव निवासी संत कुमार सिंह के पुत्र रवि कुमार सिंह के गले से सोने की चेन स्नेचिंग कर ली गई। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि महिला से पूछताछ की जा रही है।

# राष्ट्रहित में भूमिका निभाने का एक सशक्त माध्यम बना कायस्थ महापंचायत

### छपरा के दो चित्रांश बंधुओं को उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं समाज सेवा के लिए मिला पुरस्कार

दोनों

**दैनिक खोज खबर/छपरा कार्यालय।** केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि कायस्थ समाज की जागरूकता, संगठित और राष्ट्रहित में भूमिका निभाने के संकल्प का सशक्त प्रतीक बनकर सामने आया है । इस महापंचायत में जिस जोश खरोश के साथ सूबे के विभिन्न जिलों सहित देश विदेश के

चित्रांश बंधुओं ने अपनी उपस्थिति एवं भागीदारी सुनिश्चित की है उससे लगता है कि इसका प्रभाव आगामी चुनाव में अवश्य दिखेगा।

बिहार की राजधानी पटना स्थित ज्ञान भवन में भाजपा आईटी सेल के अध्यक्ष मनीष सिन्हा एवं उनकी टीम के अथक प्रयासों से आयोजित यह प्रथम अधिवेशन न केवल अपनी भव्यता में अद्वितीय रहा, बल्कि इसे कायस्थ समाज का महाकुंभ कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।ऐसा मानना है इस महापंचायत से लौटे समाजसेवी एवं कायस्थ परिवार के मुख्य संयोजक डॉ.अभिजीत श्रीवास्तव का। उनका यह भी कहना है कि इस महापंचायत के दौरान जो मुख्य प्रस्ताव पारित हुए। है वह कबीले तारीफ है।

**नवाचार और परंपरा का संगम**–महापंचायत में परंपरा और नवाचार का ऐसा संगम देखा गया, जो समाज के युवाओं और बुजुर्गों दोनों को समान रूप से प्रेरित करता है। कार्यक्रम का संचालन और प्रस्ताव प्रस्तुति, दोनों ही स्तरों पर यह स्पष्ट संदेश मिला कि कायस्थ समाज अब केवल अतीत की विरासत नहीं, भविष्य की दिशा तय करने को तैयार है।

**सामुदायिक कर्तव्य दिवस – मतदान का महत्व**–महापंचायत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भारत में होने वाले प्रत्येक चुनाव को सामुदायिक कर्तव्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह पहल केवल वोट देने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि समाज के प्रत्येक सदस्य को नागरिक उत्तरदायित्व का बोध कराएगी। यह विचारधारा समाज को मात्र वोट बैंक नहीं, बल्कि एक मूल्य-आधारित शक्ति समूह में परिवर्तित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

**राष्ट्रीय कायस्थ समन्वय परिषद– एक साझा मंच की स्थापना** :एक प्रमुख प्रस्ताव के रूप में राष्टीय कायस्थ समन्वय परिषद की स्थापना की घोषणा की गई। इस परिषद के माध्यम से देशभर के कायस्थ संगठनों को एक साझा मंच पर लाने, समन्वित कार्यनीति तैयार करने और राष्टीय स्तर पर समाज की एक सशक्त आवाज बनकर उभरने का संकल्प लिया गया।

हिंदुत्व, सांस्कृतिक संरक्षण और



राष्ट्रवाद की मुखर अभिव्यक्ति–

महापंचायत में यह स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया कि कायस्थ समाज केवल जातीय सीमाओं में नहीं बंधा है, बल्कि हिंदू सांस्कृतिक मूल्यों, राष्ट्रभक्ति और समरसता को अपने सामाजिक विमर्श के केंद्र में रखेगा। युवाओं को राष्ट निर्माण में सक्रिय भूमिका के लिए प्रेरित करने वाली यह अवधारणा समाज को नई दिशा देगी।

**डॉ. राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि** :भारत के प्रथम राष्टपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में एक ज्ञान की प्रतिमा के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया। यह प्रतिमा न केवल कायस्थ समाज की गौरवगाथा का प्रतीक होगी, बल्कि राष्टीय पहचान को वैश्विक स्तर पर सशक्त करने का कार्य करेगी।

**वैज्ञानिक और समग्र जातीय जनगणना की मांग** :महापंचायत ने भारत के 29 राज्यों में फैले कायस्थ समाज और उनके उप-समुदायों की वास्तविक और वैज्ञानिक जातीय गणना की आवश्यकता को बलपूर्वक प्रस्तुत किया। यह आंकड़े समाज की सशक्त नीति निर्धारण में सहायक बनेंगे और सरकारी योजनाओं में न्यायसंगत भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। देश-विदेश से चित्रांश संगठनों की गरिमामयी उपस्थिति

इस महापंचायत में भारत ही नहीं, विदेशों से भी चित्रांश समाज के गणमान्य प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। यह आयोजन वैश्विक स्तर पर कायस्थ समाज की सशक्त उपस्थिति का प्रमाण बना।छपरा से कायस्थ परिवार की टीम एवं अन्य कई संगठनों ने पूर्ण उत्साह और भागीदारी के साथ इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह सभी चित्रांश समाज के लिए गर्व की बात रही।

**एक आंदोलन की शुरुआत**:कायस्थ महापंचायत 2025 केवल एक सामाजिक संवाद नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी, संगठित और राष्ट्रवादी आंदोलन की शुरुआत है। यह उस जागरण का संकेत है, जिसमें कायस्थ समाज अब केवल इतिहास का पाठक नहीं, बल्कि भविष्य का निर्माता बनना चाहता है।

मनीष सिन्हा एवं उनकी समर्पित टीम को इस भव्य आयोजन के लिए छपरा कायस्थ परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन एवं साधुवाद देते हुए अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि इस महापंचायत अपने आप में अनूठा था जिसका प्रभाव समाज में दिखेगा।वहीं दूसरी तरफ कायस्थ परिवार के महासचिव अजय कुमार सहाय ने बताया कि इस परिवार से जुड़े मुख्य संयोजक डॉ .अभिजीत श्रीवास्तव एवं कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.विद्या भूषण श्रीवास्तव को क्रमश समाज सेवा एवं उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए महापंचायत में आए मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किए जाने पर छपरा के चित्रांश बंधुओं में हर्ष व्याप्त है। सभी लोगों ने इन चित्रांश बंधुओं को बधाई देते हुए कहा कि इस समाज को आगे बढ़ाने समग्र विकास को धरातल पर उतारने, एवं सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यों को गतिशील बनाने में इन लोगों का काफी योगदान है। महापंचायत से लौटे आनंद विवेक, विनय कुमार, सुनीता विवेक ने कहा कि छपरा की उपस्थिति इस महापंचायत में सराहनीय रही। जबकि युवा चित्रांश भूपेश नंदन,सुभाष चंद्र भास्कर उर्फ सुबोध कुमार श्रीवास्तव,अंकुर श्रीवास्तव, अंकुर सिन्हा, सौरभ श्रीवास्तव, सागर बिहारी अखिलेश कुमार,शुभम वर्मा आदि ने चित्रांश बंधुओं के इस समागम से काफी गदगद है तथा कहा कि इस तरह के आयोजन प्रति वर्ष होनी चाहिए तथा इसके लिए मनीष सिन्हा,भी बी वर्मा, गौरव श्रीवास्तव, रवि कुमार, विक्की कुमार आदि को बधाई दिया है। बहरहाल ,कायस्थ महापंचायत ने सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक , राजनीतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में आगे आने के लिए चित्रांश बंधुओं की तंद्रा तोड़ी है।इसमें कोई दो राय नहीं है बल्कि यूं कहे कि इस समाज के जागृति आने से अन्य जाती एवं जमात पर एक प्रभाव अवश्य डालेगा।

## बहन के यहां धान की रोपनी करने जा रहे भाई की सड़क दुघर्टना में मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर चमरिया गांव में बहन के यहां धान की रोपनी करने जा रहें भाई की सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। मृतक चमरिया गांव निवासी सूरज भर का 30 वर्षीय पुत्र सुग्रीम भर हैं। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक अविवाहित हैं और साइकिल से खैरा बहन के यहां धान की रोपनी करने जा रहा था कि गांव के बाहर मशरक सहाजितपुर एकमा मुख्य पथ पर चढ़ते ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें उसी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आस पास के ग्रामीणों की सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों में मातम छा गया। मृतक बेहद ही गरीब हैं और खैरा में बहन के यहां मदद में धान की रोपनी करने जा रहा था।

## सावन की दूसरी सोमवारी पर शिवालायों में जलाभिषेक के लिए उमड़ी भीड़

### सोने की चेन स्नेचिंग करती एक महिला गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सावन की दूसरी सोमवारी पर मशरक नगर पंचायत क्षेत्र और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के गांवों के शिवालायों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने लगे थे और कतारबद्ध होकर उन्होंने शिवलिंग का जलाभिषेक किया।थाना परिसर स्थित राम जानकी शिव मंदिर, दुमदुमा शिव मंदिर और डुमरसन बंगरा अवस्थित शिव मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में लोग जलाभिषेक और पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। शिवालयों में शिव भजनों से सोमवार को आसपास का क्षेत्र भक्तिमयी हो उठा। इस अवसर पर कई मंदिरों में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। दुमदुमा शिव मंदिर परिसर जलाभिषेक के दौरान महिला भक्त के गर्दन से सोने का चेन स्नेचिंग करते एक महिला को ग्रामीणों ने थाना पुलिस के हवाले कर दिया। मंदिर के सचिव शम्भू नाथ सिंह ने बताया कि बीते सोमवारी को भी कवलपुरा गांव निवासी दिनेश कुमार सिंह और चांद बरवा गांव निवासी संत कुमार सिंह के पुत्र रवि कुमार सिंह के गले से सोने की चेन स्नेचिंग कर ली गई। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि महिला से पूछताछ की जा रही है।

## बनियापुर : पहली सोमवारी को जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी

**दैनिक खोज खबर/ बनियापर (सारण)।** प्रखंड के बेरूई प्राचीन गौरीशंकर नाथ मंदिर में सावन माह के पहली सोमवारी को जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सावन में आने वाले प्रत्येक सोमवार का विशेष महत्व होता है। इस दिन व्रत रखकर शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, धतूरा और अन्य पूजन सामग्रियां अर्पित करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से भगवान शिव को समर्पित पवित्र माह की शुरुआत हो जाती है। इसे देवों के देव महादेव का प्रिय महीना माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि इस मास में यदि श्रद्धापूर्वक शिवलिंग पर केवल एक लोटा जल भी अर्पित किया जाए, तो भगवान शिव प्रसन्न होकर अपने भक्तों को सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। यहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैयार थी। बेरुई सहित सभी शिवालयों में भी भगवान शिव को जलाभिषेक किया गया।



## छत से मकान के अंदर पहुंच 10 लाख की ज्वलेरी समेत अन्य सामान चोरी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में अज्ञात चोरों के द्वारा छत के सहारे मकान के अंदर घुस सोये लोगों पर बेहोशी का स्प्रे कर 10 लाख रुपए की सोने चांदी की ज्वेलरी समेत अन्य सामान चोरी होने का मामला सामने आया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। चैनपुर गांव निवासी अखिलेश सिंह ने बताया कि घर के लोग और वे कमरें में सोये थें सुबह जब जगे तों देखा कि मकान के अंदर एक कमरा खुला पड़ा है और अंदर सामान बिखरा पड़ा हुआ है जब उन्होंने देखा कि आलमीरा तोड़ 10 लाख रुपए की ज्वेलरी और अन्य सामान चोरी कर ली गई है वहीं बेहोशी करने वाला स्प्रे वहीं पर पड़ा हुआ था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी और लिखित आवेदन भी दिया। पुलिस जांच-पड़ताल कर रहीं हैं। वही चोरी की घटना से इलाके में भय व्याप्त है।




## महर्षि श्रीधर बाबा को उनके द्वारा स्थापित दोनो कालेजों में दानदाता घोषित कराने को हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण) ।** देवरहा बाबा श्रीधर दास इण्टर एवं डिग्री कॉलेज के संस्थापक महर्षि श्रीधर दास को दानदाता सदस्य से हटाना एक सुनियोजित षडयंत्र है । जिस व्यक्ति ने भिक्षाटन करके गड़खा जैसे उपेक्षित प्रखंड में इंटर एवं डिग्री कालेजों की स्थापना कर स्थापना काल से ही दानदाता सह सचिव रहा हो उसे एकाएक हटा देना सर्वथा अनुचित है। उक्त बातें महर्षि के सरायबक्स स्थित मंदिर सह आश्रम में आहूत बैठक में बसंत महाविद्यालय के प्राचार्य सह पदेन सचिव प्रो सुरेश प्रसाद सिंह ज्ञानेश्वर ने कही । उन्होंने आगे कहा कि आप सभी शिक्षक कर्मचारियों को इस अनुचित कदम का विरोध कर पुनः महर्षि को दानदाता सह सचिव



बनाने के लिए एकजुट होना होगा । इस संदर्भ में उन्होंने यह भी कहा कि सारण स्नातक विधान पार्षद सह सरकारी आश्वासन समिति के अध्यक्ष डा वीरेंद्र नारायण यादव के माध्यम से मुख्यमंत्री से मिलकर बाबा को दानदाता बनाने का सार्थक प्रयास भी किया जाएगा । बैठक की अध्यक्षता संस्थापक सचिव महर्षि श्रीधर बाबा ने किया । बैठक में दोनो महाविद्यालय में महर्षि को दानदाता बनवान का सर्वसम्मत प्रस्ताव लिया गया जिसका समर्थन बैठक में उपस्थित महर्षि के शिष्य मुरारी स्वामी, देवरहा बाबा श्रीधर दस इंटर कॉलेज के प्राचार्य प्रो कामेश्वर प्रसाद यादव, शिक्षक प्रतिनिधि प्रो उमेश प्रसाद, प्रो भागीरथ प्रसाद , देवरहा बाबा श्रीधर दस डिग्री कॉलेज के प्रो भूपेश प्रसाद भीम , प्रो छठीलाल प्रसाद यादव, प्रो रघुवंश प्रसाद, प्रो लालबाबु राय, प्रो मुकेश कुमार , प्रो सत्येंद्र राय, बीरेंद्र राय सहित सम्पूर्ण उपस्थिति ने तालियों की गड़गड़ाहट से पारित किया । अवकाश प्राप्त प्रसिद्ध शिक्षक अंबिका प्रसाद राय ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए महर्षि के कार्यों की सराहना किया और प्रस्ताव का जोरदार समर्थन किया।

## सावन के दूसरे सोमवार पर शिवालयों में जलाभिषेक को उमड़ा आस्था का सैलाब

**परवेज अख्तर/सीवान**। जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में सावन की दूसरे सोमवार को जलाभिषेक के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान हर- हर महादेव, जय शिव, ओम नमः शिवाय आदि जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। इसके अलावा मंदिर परिसर व आसपास भक्तिगीत मन मेरा मंदिर शिव मेरी पूजा, कर्पूरगौरं करुणावतारं..., हे शंभू बाबा मेरे भोलेनाथ, तीनों लोकों में तु ही तू..., आदि भक्ति गीतों से क्षेत्र गूंजता रहा। इस दौरान महिलाएं हरा वस्त्र, हरी चूड़ियां धारण कर पूजा सामग्री के साथ शिवालय पहुंची तथा भवगवान शिव को जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। कई महिलाओं ने सोमवार व्रत रख भगवान शिव की आराधना की। वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। साथ ही मंदिरों की आकर्षक सजावट किए गए थे। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महादेवा थाना की पुलिस एवं मंदिर समिति के सदस्य तैनात थे। इसके अलावा शहर के डाक बंगला रोड, फतेहपुर, मखदुम सराय महावीर शिवमंदिर, स्टेशन रोड, श्रीनगर आदि मंदिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। मंदिर परिसर में जलाभिषेक के लिए महिला-पुरुष को कतार में खड़े होने के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग की गई थी। इस दौरान मंदिर परिसर में मेले लगे रहे जहां लोगों ने पूजा सामग्री के अलावा, मिठाई, चाट, खिलौना, गुब्बारा आदि की खूब खरीदारी की।

## सोहागरा में सवा लाख तो चकरी में एक लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**परवेज अख्तर/सीवान।** गुठनी प्रखंड के सोहागरा स्थित बाबा हंसनाथ शिव मंदिर में सोमवार की दोपहर तक करीब डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे। यहां बिहार एवं उत्तर प्रदेश के कई जिले के श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। वहीं दरौली थाना क्षेत्र के चकरी धाम स्थित सिद्ध गुफा योगाश्रम में स्थापित विशालकाय शिवलिंग के दर्शन व जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। यहां जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसिद्ध मां पारंबा भगवती का दर्शन व पूजन किया। मंदिर के महंत महामंडलेश्वर रघुनाथ दास महाराज ने बताया कि करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया है।यहां भी श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक ञ्जीरादेई के अकोल्ही स्थित अनंतधाम मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान मंदिर परिसर में लगे मेले में श्रद्धालुओं ने खूब खरीदारी की। इसके अलावा मैरवा हरिराम ब्रह्म मंदिर, गोरेयाकोठी के हयातपुर जंगली बाबा मंदिर, जामो के रामजानकी शिव मंदिर, महाराजगंज शहर के सिहौता स्थित रामेश्वर धाम, पश्चिमारी मठ स्थित बाला बाबा मठ, इंदौली, महुआरी, पटेढी, शिवदह, जिगरहंवा, रिसौरा, नागाजी का मठ, नया बाजार स्थित मठ, आदि जगहों पर स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की।

## 76 गर्भवती महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजनांतर्गत 76 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. कन्हैया चौधरी, बीएचएम एसरारुल हक, बीसीएम सिंधु कुमारी की देखरेख में किया गया। इस दौरान बीपी, शुगर, सीबीसी, एचबीएसएजी, एचसीवी, एचआइवी, हीमोग्लोबिन एवं वजन की जांच की गई। डा. ज्ञान मंजरी एवं डा. विभा रानी द्वारा गर्भवती महिलाओं को जांचोपरांत आवश्यक दिशा निर्देश के बाद उचित दवाइयां प्रदान की गई। इस अवसर पर एलटी दीपक कुमार, सूरज शर्मा, स्टाफ नर्स वंदना सिंह, डेटा आपरेटर मुमताज अहमद, लेखापाल कृपाशंकर प्रसाद समेत कई आशा उपस्थित थीं।

## पतिव्रता पत्नी के दर्शन मात्र से होता है गंगास्नान के फल की प्राप्ति- मधुसूदन महाराज

**सिवान।** शहर के महादेवा स्थित कलावती मैरेज हाल में चल रहे नौ दिवसीय शिव महापुराण के छठे दिन रविवार की शाम वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक आचार्य मधुसूदन सावन महाराज ने माता पार्वती की विदाई प्रसंग सुनाया। उन्होंने जोर देते हुए सभी माताओं से निवेदन किया कि आप भी अपनी बेटी को ऐसा ही संस्कार दें, जिससे बेटी का घर (ससुराल) बिगड़े नहीं। कहा कि अपने ससुराल में बेटी सबकी बन कर रहे, सभी उसे प्रेम करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जो पत्नी पतिव्रता होती है उसका दर्शन मात्र से गंगास्नान का फल प्राप्त होता हैं। उन्होंने भगवान गणेश के प्रसंग में बताया कि जिसके पास धैर्य, बुद्धि, विद्या, मातृ भक्ति है वो संसार में सर्वत्र पूजनीय, वंदनीय होता है। उन्होंने नवयुवकों को इससे प्रेरणा लेते हुए इसका पालन करने की सलाह दी, ताकि आप भी समाज को सुधार सकें। इस दौरान भजन-कीर्तन एवं आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालु संगीतमय कथा का भी आनंद उठाते रहे। उन्होंने बताया कि शिव महापुराणा कथा की पूर्णाहुति 24 जुलाई को की जाएगी। इस मौके पर पल्लवी प्रिया, रानू, रत्ना श्रीवास्तव, बबीता देवी, दीपक सिंह, अशोक कुमार आदि कथा में उपस्थित थे।

## बिहार सरकार में एएनएम पद पर चयनित छात्राओं को मिला सम्मान

**सिवान।** शहर के महादेवा रामदेव नगर में शुभवंती सुदामा राय फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित शुभवंती इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ एजुकेशन एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल परिसर में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उन सभी छात्राओं को उपहार और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, जिनका चयन बिहार तकनीक सेवा आयोग के माध्यम से एएनएम पद के लिए बिहार के विभिन्न जिलों में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था के पूर्व प्राचार्य शकीलुर रहमान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने का संदेश दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें बधाई दी। वहीं शिक्षक डा. मनीष पांडेय ने छात्राओं को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए छात्राओं को समाज में स्वास्थ्य सेवा को और बेहतर बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। ज्ञात हो कि संस्था से करीब 40 से अधिक छात्राओं का चयन एएनएम पद हेतु किया गया है। इससे संस्था के सभी सदस्यों में खुशी का माहौल है। इस कार्यक्रम का प्रबंधन संस्था की व्यवस्थापक सोनी राय द्वारा किया गया। इस मौके पर सुनीता कुमारी, पुनीता कुमारी, पूजा राय, पुनीता कुमारी, रंजू कुमारी, अनुराधा कुमारी आदि उपस्थित थीं।

## तिहरे हत्याकांड के पीड़ितों से मिले सवर्ण आयोग के अध्यक्ष

**दैनिक खोज खबर/भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मलमलिया में चार जुलाई को हुई तीन युवकों की हत्या व दो लोगों को घायल होने की सूचना पर सोमवार को सवर्ण आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डा. महाचंद्र प्रसाद सिंह कौड़ियां वैश्य टोली पहुंचें। इस दौरान वे पीड़ित परिवारों से मिलकर संवेदना प्रकट की तथा इस घटना की निंदा भी की। उन्होंने कहा कि इस मामले में वह मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रियों तथा डीजीपी से मिलकर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे तथा अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी प्रशासन से लेंगे। उन्होंने कहा कि इस घटना में एक दिव्यांग पिता का इकलौता पुत्र मारा गया। अब उस पिता का आधार कौन होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद का हल हत्या नहीं होता। डा. महाचंद्र सिंह के साथ सारण प्रमंडल के तीनों जिला क्रमशः सिवान, छपरा एवं गोपालगंज के लोग पहुंचे थे। मौके पर भाजपा पूर्वी के जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, प्रदीप कुमार रोज, प्रो. पारसनाथ सिंह, अजीत सिंह, पप्पू सिंह, राणा रणधीर सिंह आदि उपस्थित थे।

# गोरेयाकोठी : विधायक ने विकास योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

### आयोजित कार्यक्रम में एनडीए सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

**परवेज अख्तर/सीवान।** गोरेयाकोठी के भाजपा विधायक देवेशकांत सिंह ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र में 7 करोड़ 4 लाख 28277 रुपए की लागत से बनने वाली एक पुल व एक सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं प्रखंड के चाचोपाली पथ से सेमरा टोला वाया दीक्षितपुर की 1 करोड़ 77 लाख 4875 रुपए की लागत से बनी सड़क का उद्घाटन किया। विधायक के निजी




सहायक सोनू कुमार सिंह ने बताया कि सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत हुआ है। वहीं कर्णपुरा पंचायत के नवकाटोला चाचोपाली में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 227ए पर माधोपुर के सामने गंडकी नदी पर मुख्यमंत्री सेतु योजना के तहत 5 करोड़ 29 लाख 426 रुपए की लागत से 45.37 मीटर लंबे पुल का निर्माण होगा। जबकि बसंतपुर प्रखंड के रामपुर लालकोठी से राजपूत टोला की 1.10 किलोमीटर सड़क के निर्माण पर 75 लाख 27 हजार 851 रुपए खर्च होंगे। पुल व सड़क निर्माण पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी। इस दौरान विधायक ने विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में एनडीए सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। कहा कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहे हैं। आज विकास के मामले में गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र अपनी एक अलग पहचान रखता है। आज सूबे में एनडीए सरकार के नेतृत्व में विकास अनवरत जारी है। उनके द्वारा भी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क सहित अनेकों कराए गए विकास के कार्य आज धरातल पर दिख रहे हैं। लोगों से मिले राय व मांग पर विचार करते हुए हर कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। यह सिलसिला जारी रहेगा। अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ( पूर्वी ) रंजीत प्रसाद, प्रमोद कुमार तिवारी, जदयू नेता निकेश चंद्र तिवारी, वसी अहमद खान, श्यामकिशोर तिवारी, अमरनाथ शर्मा आदि मौजूद थे।

## रजनपुरा में मंदिरों व मस्जिदों में आरओ वाटर प्यूरीफायर पायल प्रोजेक्ट का राज्यपाल ने किया शुभारंभ

**परवेज अख्तर/सीवान।** सूबे के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अल जिलानी हेल्थ एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मंदिर और मस्जिद में स्वच्छ जल उपलब्धता के लिए आरओ वाटर प्यूरीफायर पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ सोमवार को हसनपुरा के रजनपुरा में किया। इस अवसर पर रजनपुरा शिव मंदिर परिसर में राज्यपाल का स्वागत संस्था के सचिव डा. अमजद खान, अध्यक्ष एमडी रिजवान अली, प्रवक्ता रफी अहमद, खालिद हुसैन, डा. एहतेशाम, डा. सौरभ कुमार, कामरान खान आदि ने संयुक्त रुप से किया। इस दौरान अयूब खान व रूपेश कुमार ने राज्यपाल को विशिष्ट उपहार से सम्मानित किया। रजनपुरा के गौसिया मस्जिद परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने कहा कि मंदिर और मस्जिद के बाहर आरओ फिल्टर प्लांट लग जाने से आसपास के लोग भी लाभांवित होंगे। इस दौरान वे स्थानीय लोगों से मुलाकात की। मौके पर कांग्रेस नेता शकील अहमद खान सहित डीएम, एसपी सहित जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी मौजूद थे। अल जिलानी हेल्थ एंड वेलफेयर सोसाइटी के सचिव डा. खान ने बताया कि मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आती रही है कि सिवान के भूगर्भ जल में खतरनाक रसायन मिले हुए हैं। स्वच्छ जल की उपलब्धता बेहद जरूरी है। इसी आवश्यकता को महसूस करते हुए सामाजिक संस्था अल जिलानी हेल्थ एंड वेलफेयर सोसाइटी एक पायलट प्रोजेक्ट का शुरुआत किया है। इसके तहत घनी आबादी में स्थित मंदिरों और मस्जिदों के 37 सार्वजनिक स्थलों पर आरओ वाटर प्यूरीफायर लगाया जा रहा है। ताकि आम जनता को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके। खतरनाक रसायनों से उनके स्वास्थ्य का रक्षण हो सके। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट सफल रहा तो आगे इसका विस्तार भी किया जाएगा।

## मेंहदार में 40 हजार से अधिक ग्वालाओं ने किया दुग्धाभिषेक

**परवेज अख्तर/सीवान।** सिसवन प्रखंड के मेंहदार स्थित महेंद्रनाथ मंदिर में दोपहर तीन बजे तक करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे। सावन मास की एकादशी होने पर परंपरा के अनुसार करीब 40 हजार से अधिक ग्वाला समुदाय के लोगों ने दुग्धाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ की आराधना की। दुग्धाभिषेक करने वालों में बलिया, आजमगढ़, देवरिया, मऊ समेत स्थानीय ग्वाला समुदाय के लोग शामिल थे। कुल मिलाकर करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे। मंदिर के प्रधान पुजारी तारकेश्वर उपाध्याय ने बताया कि यहां रविवार की रात ही काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचना शुरू कर दिए थे और आधी रात होते ही कमलदाह सरोवर में स्नान कर मंदिर में बने अरघा में दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक कर भगवान आशुतोष से सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

# खेढ़वां माइ स्थान पर आकर सच्चे मन से मांगने वाले की हर मुराद होती है पूरी



- 01 अगस्त को लगने वाले मेले में अभी से ही चहल-पहल, झूले व मिठाइ दुकानें सजी
- राज्यस्तरीय मेले में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना

**परवेज अख्तर/सीवान।** भगवानपुर हाट प्रखंड व बसंतपुर थाना क्षेत्र के खेढ़वां माइ स्थान पर इस साल 1 अगस्त को लगने वाले राज्यस्तरीय मेले को लेकर लोगों में विशेष उत्साह है। अभी से ही मेले में सजी दुकानें हर उम्र के लोगों को आकर्षित कर रही हैं। शाम में महिलाओं द्वारा मैया गीत गाने के साथ ही स्थान पर दीये जलाए जा रहे हैं। मेले के प्रसिद्धि की स्थिति यह है कि मेले में जिले के अलावा सारण, गोपालगंज, चंपारण, मुजफ्फरपुर, पटना समेत अन्य जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा खेढ़वां व आसपास के बनसोहीं, जुनेदपुर, रतौली, बिठुना, बगाही, मुड़वार, सिपार, बखतौली के अलावा बगल के प्रखंडों के दर्जनों गांवों के बाहर के राज्यों में रहने वाले लोग दो माह पहले से ही मेले को लेकर घर पहुंचने की तैयारी शुरू कर देते हैं। पूर्व मुखिया जगन्नाथ सिंह, आनंद सिंह, शंभूनाथ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सुरेन्द्र सिंह समेत अन्य लोगों ने बताया कि बाहर के राज्यों में नौकरी व व्यवसाय करने वाले स्थानीय लोग एक साल तक मेले का इंतजार करते हैं। दूसरी तरफ परदेशियों के घर आने से क्षेत्र के हाट-बाजार में भी रौनक आ गई है। इसके अलावा स्थान के पास कई दूर-दराज के श्रद्धालु दो-तीन दिन पहले से ही पहुंचने लगते हैं। मेले के दिन सुबह स्थान पर पूजा-अर्चना करते हैं। खेढ़वां निवासी धर्मदेव सिंह के पुत्र और पुराने सोवियत संघ के कई देशों में व्यवसाय करने वाले राममनोज सिंह भी परिवार के साथ गांव मेले में भाग लेने परिवार के साथ अमूमन हर साल पहुंचते हैं। फिलहाल वे उज्बेकिस्तान में रहकर अपना व्यवसाय करते हैं। गांव के निवासी व दिल्ली की एक निजी कंपनी में अपनी सेवा देने वाले मंजीत कुमार सिंह ने बताया कि वे किसी भी साल मेले में पहुंचने का मौका नहीं गंवाते हैं।

**सुरक्षा की रहेगी पुख्ता व्यवस्था**-मेले को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था भी चुस्त दुरुस्त रहती है। बसंतपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मेले में जुटने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस बलों की जगह-जगह तैनाती की जाएगी, वहीं मेले में कैम्प भी लगाया जाएगा। पुलिस की नजर असामाजिक तत्वों पर भी रहेगी। भगवानपुर हाट और बसंतपुर प्रखंड मुख्यालय से लेकर मेले तक पहुंचने के सभी मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहेंगे। मेले को लेकर बसंतपुर व भगवानपुर हाट थाने की पुलिस काफी सक्रिय रहती है। मेले में महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती होगी।

**मान्यता है कि मांगने वाले की हर मुराद होती है पूरी**-खेढ़वां माइ स्थान के बारे में मान्यता है कि माता के चरण इस जगह पर पड़े हैं। ऐसे में यहां आकर सच्चे मन से की गइ प्रार्थना कभी भी व्यर्थ नहीं जाती। गांव के बुजुर्गों के अनुसार रहषु भगत की पुकार पर जब मां कामाख्या से चलीं, उस समय खेढ़वां माइ स्थान के पास एक औघड़ रहा करते थे। उनकी पुकार पर माता के चरण स्थान पर पड़े। उस समय औघड़ ने जानवर की बलि देकर माता को प्रसन्न किया। कहते हैं कि उस समय से आज तक स्थान पर बलि चढ़ाने की परंपरा कायम है। लोग बताते हैं कि वैसे आमतौर पर किसी भी जानवर की बलि के बाद मख्खियां पहुंच जाती हैं। लेकिन स्थान पर बलि चढ़ाने के बाद ऐसा दृश्य देखने को नहीं मिलता है।

### मीना बाजार व मनोरंजन के साधनों की उपस्थिति

तीन दिवसीय मेले को लेकर मीना बाजार व मनोरंजन के साधनों की भी मौजूदगी मेले को खास बनाती है। मेले से करीब तीन से चार माह पहले से ही दुकान लगाने वाले अपनी जगह सुरक्षित कर लेते हैं। मीना बाजार में जहां महिलाओं की भारी भीड़ जुटती है। वहीं कई तरह के झूले, मौत का कुआं व अन्य साधन बच्चों व अन्य लोगों का भरपूर मनोरंजन करते हैं। मेले के अधिकारिक आयोजन से पहले व समाप्ति के बाद भी भीड़ को देखते हुए दुकानें व मनोरंजन के साधन लगभग 20 से 25 दिन तक जमे रहते हैं।

### सांसद ने लोगों को सड़क निर्माण का दिया आश्वासन, डीएम से भी बात की

खेढ़वां गांव व मेले में पहुंचने वाले मुख्यमार्ग के जर्जर व कीचड़मय होने से गांव के लोग भी शर्मिंदगी महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि मेले के एक-दो दिन पहले से ही सगे-संबंधी गांव पहुंचते हैं। जलजमाव व कीचड़ में तब्दील सड़क देख वे ताना भी मारते हैं। वहीं शनिवार को महाराज7गंज भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल खेढ़वां गांव पहुंचे। सड़क की दुर्दशा देख वहीं से डीएम से भी बात की। ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि शीघ्र सड़क का निर्माण होगा। गांव के राकेश कुमार पर्वत, चंदन सिंह, विशाल सिंह, विकास शर्मा, श्रीराम पर्वत, रामाधार पर्वत, मुन्ना शर्मा, लक्ष्मण शर्मा आदि लोगों ने कहा कि सड़क बनने से अनेकों गांव के लोग लाभान्वित होंगे।

सांसद ने लोगों से कहा कि वैकल्पिक तौर पर अभी मेले में सड़क मरम्मती, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था जिला व अन्य स्तर से होगा। मेले में आने वालों को कोइ असुविधा नहीं होगी। मुखिया प्रतिनिधि शैलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह से कइ जानकारी भी ली। बाद में माता के दरबार में समर्थकों के साथ पहुंच प्रार्थना की। पार्टी जिलाध्यक्ष ( पूर्वी ) रंजीत प्रसाद, फजले आलम, गिरीश देव सिंह, आशीष रंजन आदि मौजूद थे।

# बम निरोधक दस्ता टीम का एसपी ने किया गठन, प्रभारी बने डा. मनोज

### प्रभारी के नेतृत्व में नौ पुलिस पदाधिकारी व जवान को किया गया शामिल

**परवेज अख्तर/सीवान।** एसपी मनोज कुमार तिवारी ने शनिवार को पत्र जारी कर बम निरोधक दस्ता इकाई टीम का गठन किया है। एसपी ने दस्ता टीम का प्रभारी पुलिस निरीक्षक डा. मनोज कुमार को बनाया है। जबकि उनके टीम में नौ पुलिस पदाधिकारी व जवानों को शामिल किया है। एसपी ने सुरक्षा प्रबंधों को और दुरुस्त करने के लिए कड़े निर्देश दिए। एसपी के जारी पत्र में बताया गया कि पुलिस उप-महानिरीक्षक (सुरक्षा) बिहार पटना के निर्देश के आलोक में आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिलास्तर पर बम निरोधक दस्ता इकाई का स्थाई रूप से पुर्नगठन किया गया है। इसमें बम निरोधक दस्ता इकाई के टीम प्रभारी साइबर थाना के पुलिस निरीक्षक डा. मनोज कुमार को बनाया गया है। बताया कि इनके नेतृत्व में अन्य नौ पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों का टीम गठन किया गया है। टीम में पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार टू, वेदिका आर्या, सहायक अवर निरीक्षक संजीव कुमार चौबे, अभिषेक कुमार टू, सिपाही संयोग कुमार पासवान, महिला सिपाही किरण कुमारी, आरती कुमारी, सिपाही विकेश कुमार व पवन कुमार शामिल है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा एक बम निरोधक दस्ते का गठन किया गया है। जो बम निरोधक दस्ता 24 घंटे पुलिस लाइन में तैनात रहेगा। बम या विस्फोटक पदार्थ आदि के संबंध में अगर कोई सूचना मिलती है तो बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचेगा तथा कार्रवाई करेगा। इसके अतिरिक्त बम निरोधक दस्ता चेकिंग अभियान भी चलाएगा। इसके तहत जिला के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, संवेदनशील एरिया व महत्वपूर्ण स्थानों की बारीकी से जांच की जाएगी। ताकि अपराध व आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकें। उन्होंने आमजन से अपील कि अगर उन्हें किसी प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु, वाहन या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बता दें कि सिवान जिला में बम निरोधक दस्ता इकाई का टीम प्रभारी पुलिस निरीक्षक अभिनव कुमार दुबे के नेतृत्व में नौ पुलिस कर्मियों का टीम गठन किया गया था। पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों का अन्यत्र स्थानांतरण, निलंबित, अवकाश से पिछड़ने के कारण इसे आंशिक संशोधन किया गया है।

## शहर में तेजी से बढ़ रहीं बाइक चोरी की घटनाएं, पुलिस बनी मूकदर्शक

**परवेज अख्तर/सीवान।** इन दिनों शहर के क्षेत्रों में बेखौफ बाइक चोरी की घटनाएं हो रही है। पुलिस अधिकांश अपराधी घटनाओं के करने में सफल है लेकिन बाइक चोरी की रोकने में असफल है। पुलिस की मूकदर्शक बनी हुई। पुलिस की नाकामी का आलम है कि सबसे अधिक बाइक चोरी की घटनाएं शहर क्षेत्र में हो रहा है। जिस प्रकार से बाइक चोरी की घटनाएं घटित हो रही है। उससे वाहन मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है। औसतन प्रत्येक दिन पर शहर में दो बाइक चोरी की घटना हो रही है। लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी से चालक भी परेशान हैं। कहने को शहर में नगर पुलिस की चार गश्ती पार्टी के अलावा डायल 112 व टाइगर मोबाइल भी है लेकिन चोर सभी को गच्चा देकर मोटरसाइकिल उड़ाने में सफल रहते हैं। पुलिस बरामदगी तो दूर किन कारणों से चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं इसका भी अब तक पता नहीं लगा पाई है। कई मौके पर चोरी की प्राथमिकी नहीं लेने की शिकायत भी लोग करते हैं। बताया जाता है शहर में मोटरसाइकिल का गिरोह है जो घटना को अंजाम दे रहा है। चोर पहले रेकी करता है फिर घटना को अंजाम देता है। कुछ मामले में मोटरसाइकिल चालक की लापरवाही का फायदा भी चोरों को मिला है। हालांकि चोरी गये अधिकतर बाइक मालिक का कहना है लाक रहने के बाद भी बाइक चोरी हो गयी। चोरी की घटनाएं पूर्व में होती रही हैं लेकिन हाल के दिनों में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में अप्रत्याशित तेजी आ गई है और पुलिस से ज्यादा चुस्त चोर हो गये है जो आसानी से अपना काम कर रहे हैं। इस संबंध में पुलिस का कहना है मोटरसाइकिल चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। चोरों को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### आंदर-सिवान मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण कार्य शुरू

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र से होते हुए सिवान से आंदर जाने वाली 16.25 किलोमीटर लंबी मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण कार्य शुरू हो गया है। इसको लेकर हुसैनगंज मुख्यालय स्थित पेट्रोल पंप से टेढ़ीघाट तक एक तरफ करीब सात किलोमीटर लंबाई में मिट्टी की खुदाई कर पत्थर भराई का काम जारी है। इसे देख ग्रामीणों में खुशी की लहर है। विदित हो कि पूर्व में यह सड़क सिवान ओवरब्रिज से आंदर बाजार तक पांच मीटर चौड़ी थी, जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात जनवरी को प्रगति यात्रा के दौरान इस सडक को सात मीटर चौड़ा करने के लिए मंजूरी दी थी। इस सड़क के चौड़ीकरण हो जाने से आमजनों को जाम से निजात मिल जाएगी। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी कम हो जाएगी।

## वित्तरहित शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के अर्कपुर स्थित महाराणा प्रताप महाविद्यालय परिसर में सोमवार को प्राचार्य डा. रवींद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में वित्तरहित शिक्षक - शिक्षकेतर कर्मियों ने संयुक्त रूप से ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के निदेशक सह सिविल इंजीनियर राणा रविकेश रंजन ने बताया कि वेतन, पेंशन एवं बकाए अनुदान का एक मुस्त भुगतान की मुख्य मांग को लेकर काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि 23 जुलाई को पटना में विधानमंडल एवं मुख्यमंत्री के समक्ष विरोध प्रदर्शन करते हुए महाधरना/घेराव करेंगे। विरोध प्रदर्शन में प्रधान लिपिक पप्पू कुमार प्रसाद, प्रो. राजेश्वरी सिंह, रुद्रपताप सिंह, उपेंद्र दास, सरवर अंसारी, शैलेंद्र मिश्रा, नन्हें यादव, त्रिलोकी प्रसाद, धर्मनाथ प्रसाद, प्रमोद कुमार, आदित्य सिंह, विश्वनाथ यादव समेत आदि कई शिक्षक व कर्मी शामिल थे।

## सांसद ने की सिताब दियरा से चंपारण तक रेल लाइन को जोड़ने की मांग

**महाराजगंज (सिवान)।** सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने लोकसभा में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्म स्थली सारण (छपरा) के सिताब दियरा से महात्मा गांधी की कर्मभूमि चंपारण को सीधे रेल लाइन से जोड़ने हेतु नियम-377 के तहत मामला उठाया। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य के सारण (छपरा) जिला में भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मस्थली है और बिहार राज्य अंतर्गत ही पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिला, बापू महात्मा गांधी का कर्मभूमि रहा है। विदित हो कि उक्त जिलों को छपरा जंक्शन से मेरे संसदीय क्षेत्र के जलालपुर, बनियापुर, सहाजितपुर, भगवानपुर, मलमलिया, मोहम्मदपुर मोड़ एवं डुमरिया घाट होते हुए मोतिहारी रेलवे स्टेशन तक नई रेल लाइन से जोड़ने के लिए पूर्व में मेरे द्वारा अनेक स्तर पर भारत सरकार के रेलवे मंत्रालय से अनुरोध किया गया। अनुरोध के बाद सर्वे भी हुआ, लेकिन रेलवे लाइन नहीं बन सकी। इस नई रेल लाइन बिछाने की मांग हमारे संसदीय क्षेत्र की जनता सहित पूरे बिहार की जनता की है।

## रकौली विद्यालय में नए प्रधानाध्यापक ने किया योगदान

आंदर (सिवान)। प्रखंड के रकौली स्थित उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को नव नियुक्त प्रधानाध्यापक भूषण कुमार तिवारी ने योगदान किया। प्रधानाध्यापक के योगदान करने के बाद शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी। प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि भूषण कुमार तिवारी पूर्व में जिला के बसंतपुर विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। विभाग के निर्देश पर उन्होंने कक्षा नौवीं से लेकर 12वीं में प्रधानाध्यापक के पद पर योगदान किया है। ज्ञात हो कि कक्षा एक से आठ तक के प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह रहेंगे। इस मौके पर शिक्षक धर्मवीर सिंह, मनोज कुमार सिंह, मो. अबु सालेह, श्रुति राय, प्रीति कुमारी आदि ने नए प्रधानाध्यापक को बधाई दी है।

## रोटरी क्लब आफ सिवान संकल्प ने चलाया ट्रैफिक जागरुकता अभियान

**सिवान।** रोटरी क्लब आफ सिवान संकल्प ने समाज सेवा की दिशा में एक और सराहनीय कदम उठाते हुए शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर दिशा-सूचक (डायरेक्शन) बोर्ड और सूचना पट्ट लगाए हैं। यह अभियान क्लब के चार्टर्ड प्रेसिडेंट रोटेरियन डा. संजय कुमार सिंह, प्रेसिडेंट रोटेरियन सुधीर कुमार पाठक एवं सचिव रोटेरियन अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में शुरू किया गया। इसका उद्देश्य शहर में यातायात को व्यवस्थित बनाना, वाहन चालकों को दिशा की सही जानकारी देना और दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना है। ट्रैफिक डीएसपी शैलेश प्रीतम ने कहा कि इस पहल के अंतर्गत शहर के प्रमुख स्थानों पर रोटरी क्लब संकल्प का बोर्ड लगाकर बाइक सवारों और फोर व्हीलर चालकों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दर्शाए गए हैं, जिससे बाहर से आने वाले लोगों को रास्ता खोजने में सुविधा होगी। साथ ही यह प्रयास नगर की सुंदरता और सजगता दोनों को बढ़ाता है। डा. सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब केवल सामाजिक सेवा तक सीमित नहीं, बल्कि शहरी विकास और नागरिक सुविधा में भी बराबर की भूमिका निभा रहा है। इस नेक पहल की शहरवासियों ने सराहना की और रोटरी क्लब को इसके लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर रोटरी क्लब संकल्प के तरफ से रोटेरियन डा. प्रदीप कुमार, भारत भूषण पांडेय, तबरेज आलम, धनंजय सिंह, रोटरी के सदस्य उपस्थित थे।

### सिविल कोर्ट परिसर में पति-पत्नी के बीच मारपीट

सिवान। सिविल कोर्ट परिसर में सोमवार को उस दौरान अफरातफरी मच गई, जब एक महिला ने अपने पति की चप्पल व थप्पड़ों से पिटाई कर दी। थोड़ी देर में दोनों के बीच मारपीट होनी लगी। इस दौरान काफी संख्या में अधिवक्ताओं व लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान वहां उपस्थित लोगों ने मामले को शांत कराया। महिला सिसवन ढाला निवासी शबनम है, जबकि उसका पति गोपालगंज के यादोपुर निवासी मैनुद्दीन है। बताया जाता है कि दोनों की शादी करीब दो साल पूर्व हुई थी। शबनम का आरोप है कि उसका पति मैनुद्दीन पिछले दो माह से उसके साथ नहीं रह रहा था। सोमवार को जब वह सदर अस्पताल के पास दिखा तो वह उसको साथ चलने को कहने लगी, लेकिन मैनुद्दीन उसके साथ जाने से इंकार करने लगा। इसपर गुस्से में आकर शबनम ने कोर्ट परिसर में ही उसकी चप्पल से पिटाई कर दी। वहीं मैनुद्दीन का कहना है कि शबनम दिनभर कहां रहती है, इसका उसे कोई जानकारी नहीं होती है। वह सिर्फ रात में सोने के लिए घर आती है। स्थानीय लोगों की मानें तो मैनुद्दीन की यह चौथी शादी है, जबकि शबनम की दूसरी शादी है।